

पिता गार्ड तो मां करती हैं घरों में काम

# ज्योति याराजी ने 12 दिन में दूसरी बार तोड़ा रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की ज्योति याराजी ने ब्रिटेन में लोगबोरो में इंटरनेशनल एथलेटिक्स मीट में खिताब के दौरान दो हफ्ते से कम समय में दूसरी बार महिला 100 मीटर हर्डल रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। आंध्र प्रदेश की 22 साल की ज्योति ने 13.11 सेकंड के समय के साथ 13.23 सेकेंड के अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो सुधार किया, जो उन्होंने 10 मई को लिमासोल में साइप्रस इंटरनेशनल मीट के दौरान बनाया था। ज्योति के पिता सूर्यनारायण निजी सुरक्षा गार्ड हैं जबकि उनकी मां कुमारी लोगों के घरेलू कार्य करती हैं। भुवनेश्वर में रिलायंस फाउंडेशन ओडिशा एथलेटिक्स हाई परफोर्मेंस केंद्र में जोसेफ हिलियर के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग करने वाली ज्योति ने अनुराधा बिस्वाल के 13.38 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था, जो 2002 में बना था। ज्योति ने पिछले महीने कोझिकोड में फेडरेशन कप में भी 13.09 सेकेंड का समय लिया था, लेकिन तब हवा समय रिकॉर्ड करने के लिए वैध सीमा से अधिक तेज चल रही थी, इसलिए उनका समय रिकॉर्ड नहीं किया गया और इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड नहीं माना गया।

ज्योति ने 2020 में भी कर्नाटक के मूदबिदरी में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में बिस्वाल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 13.03 सेकेंड का समय लिया था, लेकिन तब भी इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड नहीं माना गया क्योंकि प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उनका परीक्षण नहीं किया और साथ ही वहां भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का तकनीकी प्रतिनिधि भी मौजूद नहीं था।

# ऐसा लगता है कि वे मुझे गेंदबाजी करते हुए देखते हैं

क्रिकेट

## शेन वॉर्न को यादकर इमोशनल हुए युजवेंद्र चहल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2022 में अपनी सफलता का श्रेय राजस्थान टीम को दिया और कहा कि फ्रेंचाइजी के लिए खेलने से उन्हें लगता है कि दिवंगत लेग स्पिनर शेन वार्न उन्हें गेंदबाजी करते हुए देख रहे हैं। उनका आशीर्वाद मेरे साथ है। आईपीएल 2022 के लीग चरणों में चहल ने 16.53 की औसत और 7.67 की इकॉनमी रेट से 26 विकेट लिए हैं। ईडन गार्डंस में क्वॉलिफायर 1 में राजस्थान का सामना गुजरात टाइटंस से होने पर उनके पास अपनी संख्या में और इजाफा करने का मौका है।

चहल ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे पता है कि राजस्थान रॉयल के लिए मेरा पहला सीजन है, लेकिन ऐसा लगता है कि मैं यहां कई सालों से खेल रहा हूं। मेरा



मानना है कि इसका श्रेय टीम को जाता है कि उन्होंने मुझे यहां खेलने का मौका दिया।' जिस तरह से वे मेरा सम्मान और प्यार करते हैं, उसने मुझे वास्तव में एक अलग स्तर पर सकारात्मक अहसास कराया है। दूसरी ओर, यह मेरे लिए भी खास है क्योंकि वॉर्न सर पहले राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं और उनका आशीर्वाद मेरे साथ है। मुझे ऐसा लगता है कि जैसे वे मुझे गेंदबाजी करते हुए देखते हैं। चहल ने खुलासा किया, 'कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ हैट्रिक के साथ 40 रन देकर पांच विकेट चटकाना उनके लिए बेहद खास रहा है। मुझे लगता है कि वह मैच वास्तव में मेरे लिए खास था क्योंकि उसमें हैट्रिक बहुत महत्वपूर्ण थी और यह मेरे करियर की पहली हैट्रिक भी थी।'

उन्होंने आगे कहा, 'यह हमारे लिए एक दबाव की स्थिति के दौरान आया था, जहां उन्हें चार ओवरों में केवल 40 रन चाहिए थे और संजू ने मुझे गेंद दी और कहा, यह अब आप पर है, आप कैसे गेंदबाजी करेंगे। मैं सिर्फ विकेट लेने के बारे में सोच रहा था क्योंकि टम को इसकी जरूरत थी। मुझे लगता है कि ऐसे क्षण, जहां आप अपनी टीम को जीत की ओर ले जाते हैं, जो वास्तव में खास होता है।'

चहल और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की स्पिन जोड़ी ने आईपीएल 2022 में 23.55 की औसत से एक साथ 38 विकेट लिए हैं। अश्विन, जिन्होंने 7.14 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए हैं। उनका मानना है कि आईपीएल जैसे उच्च दबाव वाले टूर्नामेंट में एक खिलाड़ी द्वारा प्रदान की जाने वाली हर भूमिका वास्तव में महत्वपूर्ण होती है।

# मजाक-मजाक में क्या कर बैठे आशीष नेहरा, युजवेंद्र चहल को मारी लात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। टीम इंडिया के धाकड़ स्पिनर युजवेंद्र चहल जहां भी रहते हैं माहौल बनाकर रखते हैं। उनके साथ अगर आशीष नेहरा हों तो सोने पर सुहागा होता है। कुछ ऐसा ही हुआ जब ये दोनों गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले आईपीएल-2022 के पहले क्वॉलिफायर मुकाबले से पहले मिले। मैदान पर दोनों के बीच काफी देर तक हंसी ठिठोली होते दिखी। इस दौरान गुजरात टाइटंस के कोच नेहरा चहल को लात मारते भी दिखाई दिए।

गुजरात टाइटंस ने इस मोमेंट्स की तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की हैं। तस्वीर में आशीष नेहरा, युजवेंद्र चहल को लात




मारते दिख रहे हैं। इस पोस्ट पर लोगों ने भी खूब मौज ली है। एक यूजर ने लिखा- फुल गेंद डालता है.. ये ले..। कइयों ने लिखा- नेहरा जी उन्हें समझा रहे हैं कि यह मुकाबला गुजरात को जीतने दें। बता दें कि लीग चरणों में चहल ने 16.53 की औसत और 7.67 की इकॉनमी रेट से 26 विकेट लिए हैं।

क्वॉलिफायर-1 में अगर युजवेंद्र चहल 2 विकेट और लेते हैं तो आईपीएल में सर्वाधिक विकेट के मामले में अमित मिश्रा (166) से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन जाएंगे।

## लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि इस बार भारतीय टीम में चयन पिछले 18 साल के उनके उतार चढ़ाव भरे कैरियर में उनकी 'सबसे खास वापसी' है। कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की कहा, 'यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था। मेरे लिए वापसी के मायने हैं कि मैं उसी तरह से खेलूंगा, वैसे ही अभ्यास करूंगा और उतनी ही मेहनत करूंगा।' आईपीएल में कार्तिक के शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को उन्हें चुनने के लिए मजबूर कर दिया। वह आखिरी बार भारत के लिए 2019 विश्व कप में खेले थे। उन्होंने आरसीबी के टीम प्रबंधन की तारीफ की जिन्होंने एक फिनिशर की भूमिका के लिए उनका हमेशा साथ दिया। कार्तिक ने कहा, 'उन्होंने साफ तौर पर मेरी भूमिका बताई और मेरा साथ दिया।

## न्यूज डायरी



### शॉर्ट टॉप में कहर ढाती हार्दिक पंड्या की वाइफ नताशा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल में खिलाड़ियों की पत्नी अपने पति और उनकी टीम को चीयर करने के लिए स्टेडियम में पहुंचती हैं। 2022 सीजन में भी ऐसा देखने को मिला। विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा से लेकर रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह तक को स्टेडियम में देखा गया, लेकिन इन सबसे के बीच सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं हार्दिक पंड्या की पत्नी नताशा स्तांकोविक। वह अपने पति और उनकी टीम गुजरात टाइटंस को चीयर करने पहुंच रहती हैं। नताशा स्तांकोविक को गुजरात टाइटंस के सभी मुकाबलों में स्टेडियम में देखा गया। वह टीम के अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ गुजरात टाइटंस को चीयर करती दिखती हैं। हार्दिक पंड्या पहली बार लीग में कप्तानी कर रहे हैं और उनकी टीम ग्रुप स्टेज के बाद टेबल में टॉप पर रही। टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहला क्वालिफायर खेलने के लिए तैयार है। इस मैच में भी नताशा टीम को चीयर करने पहुंचेंगी।

### मैच से पहले साहा का अपनी फिटनेस को लेकर अपडेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का पहला क्वालीफयर मैच कोलकाता के इडेन गार्डन्स में खेला जाएगा। इस मैच में पहली बार आइपीएल खेल रही गुजरात टाइटंस और पहले सीजन की चैंपियन टीम राजस्थान आपस में भिड़ेगी। गुजरात के लिए ओपनिंग जोड़ी बड़ी समस्या रही और ऐसे में इस बड़े मैच से पहले ओपनर रिद्धिमान साहा ने अपनी फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है कि वो इस मैच में खेलेंगे या नहीं। दरअसल अपने आखिरी लीग मैच में आरसीबी के खिलाफ उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव था। इस मैच से पहले एक वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से साहा ने अपनी फिटनेस को लेकर कहा कि वो पूरी तरह से फिट हैं और राजस्थान के खिलाफ मैच में खेलने के उपलब्ध होंगे। इस मैच में राजस्थान के खिलाफ अपनी योजना के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि शुरुआत में तेजी से रन बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि मैं पावलप्ले में जोखिम भरे शाट्स खेलना पसंद करता हूं।

### कुसल मेंडिल की हेल्थ पर बड़ा अपडेट, हुए थे अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बांग्लादेश। बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस को अचानक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बताया जा रहा है कि श्रीलंकाई खिलाड़ी कुसल मेंडिज को अचानक सीने में दर्द उठा। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईसीसी ने मंगलवार को कहा कि कुसल मेंडिज को सोमवार को लंच ब्रेक से कुछ समय पहले बांग्लादेश के 23वें ओवर के दौरान सीने में दर्द की शिकायत थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डॉक्टर, मंजूर हुसैन चौधरी ने पुष्टि की कि मेंडिस को उचित इलाज और बेहतर देखभाल के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि वह डिहाइड्रेशन से जूझ रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉक्टर ने उनकी स्थिति को देखते हुए कई टेस्ट किए।

### नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन को दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला बॉक्सर निखत जरीन ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। पिछले हफ्ते गुरुवार को फ्लाइंग वेट कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में 25 साल की निखत ने थाईलैंड की बॉक्सर जुटामास जिटपोंग को 5-0 से हराकर भारत को गोल्ड दिलाया। वह महिला बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की 5वीं महिला बॉक्सर बन गई हैं। निखत जरीन को इस प्रदर्शन के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसमें टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीतने वाले नीरज चोपड़ा का नाम भी शामिल हो गया है।